परीक्षा पे चर्चा 2024'' में नामांकन एवं सहभागिता विषयक्।

- माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी तनाव से दूर रखने हेतु सत्र 2023–24 हेतु लोकप्रिय कार्यक्रम **परीक्षा पे चर्चा का सप्तम चरण** जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाना संभावित है।
- इस संबंध में विस्तृत विवरण **कार्यलयीन पत्र क्रंमांक 5565 दिनांक 20.12.23 एवं 5571 दिनांक 20.12.23** द्वारा प्रेषित किया गया है।
- **कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी, शिक्षक तथा अभिभावक** इस कार्यक्रम में 05 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का उत्तर देकर अपना नामांकन करेंगे।
- वस्तुनिष्ठ प्रश्न माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा लिखित पुस्तक Exam warrior व सामान्य ज्ञान पर आधारित होंगे।
- नामांकन के साथ–साथ विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक माननीय प्रधानमंत्री महोदय से अपने पूछे जाने वाले प्रश्न भी प्रेषित कर सकते है। चयनित प्रश्नों का उत्तर माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा परीक्षा पे चर्चा पर आयोजित जीवंत कार्यक्रम में दिया जावेगा।
- **समस्त नामांकित प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रेषित किया जायेगा।**
- इस हेतु वेबसाईट लिंक https://innovateindia.mygov.in/ppc-2024/ के माध्यम से समस्त जिलों के सभी विद्यालयों से शत्–प्रतिशत नामांकन किया जाना है।
- **सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों का शत प्रतिशत नामांकन करवाना है।**
- विद्यार्थियों का नामांकन समूह में शिक्षकों द्वारा भी किया जा सकता है।
- नामांकन की अंतिम तिथि 12 जनवरी 2024 है।
- नामांकन कार्य में व्यवसायिक शिक्षा के प्रशिक्षको एवं आई सी टी के डिजी मित्रों का सहयोग भी लिया जा सकता है।
- कोचिंग कक्षाओं के प्रतिभागियों का भी नामांकन सुनिश्चित करावें।
- प्रचार प्रसार हेतु भारत शासन द्वारा प्रेषित निम्न बैनर लिंक से बैनर डाउनलोड कर उपयोग करें –
  https://drive.google.com/drive/folders/1cO8eRLuDLkyhf_7_8dnFJBjZyv7Jp910

यह समय है जब परीक्षाओं को हम सब एक उत्सव के रूप में लें, विद्यार्थियों के परीक्षा संबंधी तनाव को दूर करने में सहयोग करें तथा उन्हें अपना सर्वोतम प्रदान करनें दें।

Pariksha Pe Charcha 2024 के लिए करें रजिस्ट्रेशन

1. छात्रों को आधिकारिक वेबसाइट innovateindia.mygov.in पर जाना होगा.
2. अगले पेज पर Notification लिंक पर क्लिक करें. जिसमें लिखा है,
3. इसके बाद ‘Pariksha Pe Charcha 2024’ के लिंक पर जाएं.
4. यह आपको एक नई विंडो पर रीडायरेक्ट करेगा, नीचे स्क्रॉल करें और भाग लें अनुभाग के अंतर्गत ‘छात्र (स्वयं भागीदारी)’ पर क्लिक करें.
5. रजिस्ट्रेन हेतु अपनी प्राथमिक जानकारी नाम, मोबाईल, ईमेल आदि भरें।
6. इसी प्रकार शिक्षक, शिक्षक के माध्यम से विद्यार्थी व अभिभावक भीभाग ले सकतें है.
7. फिर, यह आपको दूसरे वेबपेज पर ले जाएगा, अपने मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी से लॉग इन करें.
8. आवेदन पत्र भरें और जमा करें.
9. प्रत्येक प्रतिभागी सहभागिता प्रमाण पत्र प्राप्त करें।